तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 विधायक दीपेश साहू ने सामाजिक चेतना...





12 डायलिसिस यूनिट बनी किडनी मरीजों की जीवनरेखा




# सीएम ने जोड़ा जैतखाम की पूजा कर अटल परिसर को किया लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

## पंचायतों को दी गई विकास की सौगात





गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवागढ़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परंपरानुसार जोड़ा जैतखाम की पूजा-अर्चना कर कॉलेज के सामने नव निर्मित अटल परिसर का विधिवत लोकार्पण किया। हाई स्कूल मैदान में आयोजित जयंती समारोह एवं पंथी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 165 करोड़ रुपये लागत के 44 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने 10 ग्राम पंचायतों को सीसी सड़क निर्माण हेतु प्रति पंचायत 5-5 लाख रुपये तथा सिंचाई विस्तार के लिए 40 करोड़ रुपये देने की महत्वपूर्ण घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु घासीदास बाबा का संदेश सामाजिक समरसता और मानवता के लिए आज भी प्रासंगिक है। राज्य सरकार गांव, गरीब और किसानों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कलेक्टर बेमेतरा ने आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशिल्या साय, सांसद विजय बघेल, विधायक पुन्नूलाल मोहले, संपत अग्रवाल, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, अनुज शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समस्या : मामले में पर्यावरण संरक्षण मंडल अधिकारी मौन

# पेपर मिलों से निकल रही जहरीली गैस, ग्रामीणों की सेहत पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ब्लॉक बेरला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेवनारा से अकोली मार्ग पर स्थापित संयंत्र से लगातार निकल रहे अपशिष्ट और जहरीली प्रदूषित गैस ने पूरे अंचल की जनता की जिंदगी दूभर कर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिलों से दिन-रात निकलने वाला काला धुआं और तीव्र दुर्गंध वाली गैस सीधे वातावरण में घुल रही है, जिससे लोग मजबूरन जहरीली हवा में सांस लेने को विवश हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रदूषण के कारण सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, खांसी, दमा जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे अधिक खराब है। वहीं खेतों की फसलें मुरझा रही हैं और मवेशियों के लिए हरे चारे की भारी कमी हो गई है। सबसे गंभीर बात यह है कि पर्यावरण संरक्षण मंडल दुर्ग के परिक्षेत्रीय अधिकारी इस पूरे मामले में पूरी तरह मौन साधे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। अब तक न तो प्रभावी निरीक्षण हुआ है और न ही प्रभावित क्षेत्र में कोई मेडिकल जांच शिविर लगाया गया है।



### ग्रामीण एकजुट होकर कर रहे आंदोलन की तैयारी

गौरतलब है कि सितंबर 2021 में भी पेपर मिलों की मनमानी और नियम विरुद्ध संचालन को लेकर ग्रामीणों ने आंदोलन किया था। उस दौरान पर्यावरण अधिकारी डॉ. अनिता सावंत ने मौके पर पहुंचकर नवदुर्गा पेपर मिल का निरीक्षण किया था, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आने की बात कही गई थी। हालांकि उस समय की गई कार्रवाई को लेकर आज तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक किसानों और स्थानीय निवासियों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया और पेपर मिल मालिकों के हितों को प्राथमिकता दी जाती रही। यही कारण है कि क्षेत्र में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है और ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल दोनों मिलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, प्रदूषण पर रोक लगाई जाए, प्रभावित लोगों की मेडिकल जांच कराई जाए और दोषी कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### वायू प्रदूषण से लोगों को हो रहा है नुकसान

जानकारी अनुसार कुछ समय पूर्व स्थानीय सरपंचों और ग्रामीणों द्वारा शिकायत के बाद दोनों मिलों को अस्थायी रूप से बंद कराया गया था, लेकिन बिना स्थायी समाधान के पुनः मिलों का संचालन शुरू कर दिया गया। इसके बाद से प्रदूषण और अधिक बढ़ गया है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि बीमारियों की जांच न कराकर कहीं न कहीं कंपनी के खिलाफ उठ रही आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। ठंड और शीतलहर के मौसम में प्रदूषित गैस व काला धुआं निचले वायुमंडल में ही ठहर जा रहा है, जिससे लोगों को सबसे अधिक नुकसान हो रहा है। स्थानीय डॉक्टरों के क्लीनिकों में सांस और एलर्जी से जुड़े मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# सरकारी कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल

## महंगाई भत्ता और एरियर्स को लेकर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले प्रदेश भर के शासकीय कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल और विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान राज्य के अधिकांश सरकारी कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहेगा। फेडरेशन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी सरकार ने मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

■ फेडरेशन का आंदोलन सरकार को चेतावनी

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार लंबे समय से कर्मचारियों की जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। कर्मचारियों ने कई बार ज्ञापन सौंपे, बैठकें कीं और संवाद का प्रयास किया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी उपेक्षा और अनदेखी से आक्रोशित होकर कर्मचारियों ने अब निर्णायक आंदोलन का रास्ता अपनाया है।

**पूरे प्रदेश में आंदोलन की तैयारी पूरी-** फेडरेशन के अनुसार प्रदेश भर में आंदोलन को लेकर पूरी रणनीति तैयार कर ली गई है। सभी जिलों में कर्मचारियों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 22 अगस्त को जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन किया गया था, लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इसके चलते अब कर्मचारी संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर हैं।

**महंगाई भत्ता और एरियर्स बना बड़ा मुद्दा-** प्रदेश में वर्तमान में लगभग 4 लाख 50 हजार कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं, जिनमें से करीब 4 लाख 10 हजार नियमित कर्मचारी हैं। फेडरेशन के पदाधिकारियों का आरोप है कि केंद्र सरकार की "मोदी की गारंटी" के तहत कर्मचारियों को जो सुविधाएं और लाभ मिलने चाहिए थे, वे अब तक नहीं दिए गए हैं। विशेष रूप से महंगाई भत्ता (डीए) और डीए एरियर्स को लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच डीए और एरियर्स का भुगतान न होना उनके ▶▶| शेष पेज 11 पर

# सीएम साय से विकास कार्यों पर विधायक ने की चर्चा



**बेमेतरा।** जिले के नवागढ़ स्थित बालक हाई स्कूल मैदान में आयोजित ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं बाबा गुरु घासीदास जयंती महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिँह के आगमन पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने हेलीपैड पर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं बेरोजगार युवाओं से जुड़े विषयों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। विधायक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश तेज़ी से सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर है। राज्य सरकार किसान, नौजवान, युवा साथी, महिला वर्ग एवं बेरोजगार युवाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर राजीव भवन पर फहराया पार्टी ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान, संविधान व लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प




भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में भव्य एवं सशक्त राजनीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद संगठन को मजबूती देने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

इस अवसर पर पार्टी के संघर्षशील एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों टी. आर. जनार्दन, बलदाऊ गुप्ता, अंबर लाल शर्मा, घनश्याम साहू, जेठू साहू, रामाधार साहू, दाऊ राम वर्मा, बंशी साहू, सुरेंद्र तिवारी, देवचरण साहू, दुखम वर्मा, विजय राम यादव एवं राम सागर मंडल को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं के योगदान को संगठन की धरोहर बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि आजादी के संघर्ष से निकली एक विचारधारा है। उन्होंने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को स्थापित कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष किया। लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जेल की यातनाएं सहीं और अपने प्राणों का बलिदान दिया, तब जाकर भारत स्वतंत्र हुआ।

**अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है कांग्रेसः जिलाध्यक्ष-** जिला अध्यक्ष ने मौजूदा राजनीतिक हालात पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं। कांग्रेस सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि गांव, गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े और दलित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ेगी। कांग्रेस का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को सम्मान और न्याय दिलाना है। कार्यक्रम को सुरेंद्र तिवारी, अवनीश राघव, टी. आर. जनार्दन एवं सनत धर दीवान ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनता के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

**ये रहे शामिल-** कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें दिनेश पटेल, कविता साहू, माधुरी परगनिहा, ललित ▶▶| शेष पेज 11 पर

## नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात वार्ता में विकास और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों को प्रेरक संबोधन दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता, आत्मनिर्भर भारत, युवाओं की भूमिका एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की असली ताकत उसके नागरिक हैं, जो हर परिस्थिति में सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयासों के बल पर देश को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से नवाचार, कौशल विकास और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत की नींव है। साथ ही उन्होंने समाज में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने देशभर में हो रहे प्रेरणादायक और नवाचारी प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े परिवर्तन का कारण बनते हैं। उन्होंने जनभागीदारी को लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए सभी नागरिकों से राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से एकजुट होकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, ललिता साहू, मंडल अध्यक्ष युगल देवागन, निशा चौबे, ▶▶| शेष पेज 11 पर

# बेमेतरा-नवागढ़ मार्ग पर हादसा मुंगेली जिले के युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा–नवागढ़ मुख्य मार्ग पर ग्राम झाल के पास शनिवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में मुंगेली जिले के एक युवक की जान चली गई। हादसे की खबर से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंगेली जिले के पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम अमलडीहा निवासी प्रेमलाल बघेल अपने साथी संजय बघेल के साथ मोटरसाइकिल से नवागढ़ आए थे। बताया गया कि दोनों युवक नवागढ़ से अपने एक अन्य साथी को छोड़ने बेमेतरा पहुंचे थे। बेमेतरा से वापस नवागढ़ लौटते समय ग्राम झाल के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसा इतना जबरदस्त था कि प्रेमलाल बघेल को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर घायल युवक को जिला अस्पताल बेमेतरा ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद प्रेमलाल बघेल को मृत घोषित कर दिया। चूंकि घटना देर शाम की थी, इसलिए शव को रातभर जिला अस्पताल की मर्च्युरी में सुरक्षित रखा गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के साथी एवं मामले के प्रार्थी संजय बघेल की सूचना पर बेमेतरा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रविवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार हेतु पार्थिव देह परिजनों को सौंप दी गई।पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई ।

## खबर संक्षेप



### हनुमंत कथा स्थल पर छह संदिग्ध महिलाएं हिरासत में

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम में पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज की कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में अलग-अलग राज्यों से भक्तगण पहुंच रहे हैं। ऐसे में पुलिस सुरक्षा इंतजाम में काफी कड़ी व्यवस्था रखी हुई है। चोरी, लूट और चेन स्नेचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस सजग है। चेकिंग में अन्य राज्यों के 9 संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि स्टेडियम में 25 से 29 दिसंबर तक श्री हनुमंत कथा का आयोजन में थाना भिलाई नगर पुलिस ने पंडाल के अंदर, आसपास लगातार पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पुलिस ने संदिग्ध महिलाओं में आधार कार्ड या अन्य कोई वैध आईडी प्रूफ मांगा गया। जिसमें महिलाओं में कमसा मारमुत्तु नायडू, काजल नायडू, पूजा रजनी नायडू, रोशनी रजनी नायडू (निवासी नवापुर वाकीपाड, जिला नंदूरबार, महाराष्ट्र), सुमन इकरन, अनीता जाटव (जिला भरतपुर, राजस्थान), मोनी जाटव, गुड्डी जाटव (निवासी हरिनगर, पलवल, हरियाणा-पंजाब) एवं गौरी जाटव (निवासी चितौकरी, जिला भरतपुर, राजस्थान) शामिल हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

### पीडब्लूडी इंजीनियर को बेटे ने पीटा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** पीडब्लूडी उप अभियंता को उसके बेटे विनय ने जमकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी का है। पुलिस ने बताया कि 25 दिसंबर को दुर्ग के पीडब्ल्यूडी में पदस्थ उप अभियंता मोहन लाल प्रजापति घर में खाना खाने बैठे। तभी पत्नी ने खाना परोसा लेकिन किसी बात के विवाद में गुस्से में आकर उन्होंने खाना फेंक दिया। बेटे ने खाना फेंकने का विरोध किया और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दिया। घर से बाहर निकाल दिया। मोहन लाल प्रजापति ने पुलिस को बताया कि वे दुर्ग स्थित अपने निवास पर मौजूद थे। उनकी पत्नी जुमता प्रजापति उनके लिए खाना लेकर आईं। खाना फेंकने को लेकर विनय कुमार प्रसाद नाराज हो गया।

### गांजा तस्कर पकड़ाया

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाला बलांगीर उड़िसा निवासी शखिल बाग राजा उर्फ राज कन्हाई हट्टी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से तीन पैकेट गांजा व अलग झिल्ली में 15 पुड़िया, 5 मोबाइल जब्त किया गया है।

### पारा 9.2 डिग्री, रात में टंड, सुबह कोहरा

**भिलाई।** ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान शनिवार को 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। रात में पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। जिसकी वजह से ठंड काफी बढ़ जाती है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले तीन दिनों में शीतलहर फिर से शुरू हो सकती है। मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से अलसुबह धुंध जैसी स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने दुर्ग का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। यह सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। दुर्ग का अधिकतम तापमान प्रदेशभर के सभी जिलों से सबसे अधिक रहा है। अधिकतम तापमान के बढ़ने और न्यूनतम तापमान में भी अधिक होने की वजह से दिन में ठिठुरती ठंड से लोगों को जरूर राहत मिली है। लेकिन रात का पारा कम होने से लोगों को ठंड काफी लगने लगी है। रात को सड़कों पर आवागमन भी कम होने लगा है।

## खबर संक्षेप

### चिट्टा सेवन करने वाले अपचारी बालकों समेत 6 गिरफ्तार

**भिलाई।** चिट्टा सेवन करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि भिलाई तीन स्थित सिरसा भाठा मेहंदी बाड़ी के पास खाली मैदान में कार में बैठकर सिंथेटिक हेरोइन (चिट्टा) सेवन कर रहे कैलाश नगर जामुल निवासी रवेल सिंह, कार चालक गनियारी दिशांत , संगम चौक खुर्सीपार रोहित गुप्ता, सुभाष मार्केट खुर्सीपार ओमकार सिंह उर्फ गोली और दो अपचारी बालक को भिलाई तीन पुलिस को पकड़ा है। आरोपियों के पास से हेरोइन, कैश, मोबाइल, कार सीजी 04 एल डब्लू 6629 को जब्त किया गया। इनके पास से कुल 9.87 लाख रुपए का सामान मिला है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस सिरसा भाठा पहुंची थी, कुछ संदिग्ध युवकों की जानकारी मिली थी। घेराबंदी कर युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कार के भीतर धुआं भरा हुआ था। कार की तलाशी के दौरान अलग-अलग मात्रा में हेरोइन चिट्टा बरामद किया गया। दिशांत से 2.10 मिलीग्राम, रवेल से 6.50 मिलीग्राम, रोहित 0.58 मिलीग्राम, ओमकार 0.51 मिलीग्राम और नाबालिगों से हेरोइन मिला। आरोपी रवेल सिंह और दिशांत अग्रवाल ने बयान में बताया कि यह मादक पदार्थ शेरु नामक व्यक्ति से तेलहा नाला के पास रुपए देकर खरीदा था।

### नेहरू आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी आज से

**भिलाई।** बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं से प्रेरित आधुनिक सृजन को समर्पित समकालीन कला प्रदर्शनी ह्न्था का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी समकालीन कलाकारों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति, लोक संस्कृति और आधुनिक कला के समन्वय को सशक्त रूप से दर्शाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 29 दिसंबर को शाम 5.30 बजे मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी में चित्रकला, स्केच, मिश्रित माध्यम (मिक्स्ड मीडिया) सहित विभिन्न विधाओं में रचित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। कला प्रदर्शनी में अनिल खोबरागड़े, अंकिता जेना, योगेश कुमार नेताम, शांति कुमार तिर्की, अभिजीत बागानी, दियांशु देवांगन, डॉ. तरूणा माथुर, जीके निर्मलकर, जयश्री भगवानानी, निकिता साहू, राधिका चौहान, राजिंदर सिंह, रवि यादव तथा वंदना परगनिहा द्वारा निर्मित कृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन शाम 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक खुली रहेगी।

### महार-महरा समाज के जिला अध्यक्ष बने शुभम

**उतई।** महार-महरा समाज के वार्षिक परिचय सम्मेलन एवं जिला संगठन में हुए चुनाव में उतई परिक्षेत्र के शुभम सिंह बम्भोले जिला अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। समाज के प्रमुख अशोक चांद ने बधाई दी। दुर्ग जिले के समस्त परिक्षेत्र ने भी बधाई देते हुए समाज को मजबूती देने बात कही। शुभम सिंह ने समाज को युवा सोच और संगठन को मजबूती देते आगे बढ़ने का संकल्प लिया और शपथ ग्रहण की। जिससे समाज में एकता और सभी क्षेत्रों में मजबूती के साथ आगे बढ़ने, केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ दिशा निर्देश पर समाज के प्रति अपनी विचार व्यक्त किए।

### अटल परिसर का हुआ लोकार्पण

**पाटन।** अटल परिसर लोकार्पण कार्यक्रम 2025 का आयोजन नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में किया गया। वर्चुअल माध्यम से हुए इस कार्यक्रम में राजधानी रायपुर से मुख्मंत्री विष्णु देव साय, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ रमन सिंह अध्यक्ष विधान सभा, विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण साव उप मुख्यमंत्री ने की। वार्ड क्र. 01 अटल परिसर पुलिस थाना अमलेश्वर के सामने नव निर्मित अटल परिसर के लोकार्पण में विशिष्ट अतिथि दयानंद सोनकर अध्यक्ष, जीतेन्द्र वर्मा प्रदेश मंत्री भा.ज.पा., नीलम राजेश चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, हर्षा लोकमनी चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष भाजपा आदि उपस्थित थे।

# 20वीं सीनियर राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आगाज

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वॉलीबॉल एसोसिएशन एससी एवं सीए भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय बीरा सिंह की स्मृति 20वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन वॉलीबॉल कॉम्पलेक्स पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 भिलाई में किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें प्रदेशभर से पुरुष एवं महिला वर्ग की कुल 48 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 17 तथा पुरुष वर्ग की 31 टीमें शामिल हैं।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि दुर्ग की पावन धरा पर आयोजित यह प्रतियोगिता खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 8 खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जिनमें महेन्द्र ध्रुव, अब्दुल्ला, पीहू यादव, दीपेश सिन्हा, कोमल मौर्या, संतोष कुमार, रेखा पदम और विनोद नायर शामिल हैं। वहीं वॉलीबॉल खेल में विशेष योगदान देने वाले 6 वरिष्ठजनों कौशल प्रसाद नायक, एसएन नेमा, टीकम दास अंडानी, शंकर लाल यादव, नईमुद्दीप हन्फी एवं राजेश्वर सिंहकुको भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश गागड़ा, उपाध्यक्ष अकरम खान, सचिव हेम प्रकाश नायक, एसोसिएट सचिव विनोद नायर सहित अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## एक दिन में 10,620 टन हॉट मेटल का किया रिकॉर्ड उत्पादन

# बीएसपी ने राउरकेला इस्पात संयंत्र के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा, ब्लास्ट फर्नेस-8 ने रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस -8 ने 26 दिसंबर को एक दिन में 10,620 टन हॉट मेटल का रिकॉर्ड उत्पादन कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही ब्लास्ट फर्नेस–8 ने राउरकेला इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-5 द्वारा स्थापित 10,517 टन के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस उपलब्धि के लिए निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र चित्तरंजन महापात्र ने ब्लास्ट फर्नेस- 8 का दौरा कर वहां कार्यरत टीम को बधाई दी।

ज्ञात हो कि ब्लास्ट फर्नेस-8 का इससे पूर्व का सर्वश्रेष्ठ एक-दिवसीय उत्पादन 25 दिसंबर 2025 को 10,020 टन दर्ज किया गया था। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ बीएफ-8, 3000 मीटर क्यूब से अधिक वर्किंग वॉल्यूम श्रेणी के बड़े ब्लास्ट फर्नेसों में, देश का एकमात्र ऐसा ब्लास्ट फर्नेस बन गया है जिसने 3.08 टन प्रति मीटर क्यूब प्रति दिन की बेंचमार्क उत्पादकता हासिल की है। यह उपलब्धि उस स्थिति में प्राप्त की गई है जब फर्नेस अत्यंत उच्च स्लैग दर

### डायरेक्टर इंचार्ज ने टीम के सभी सदस्यों को दी बधाई



(500 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल से अधिक) पर परिचालित किया जा रहा था, जो इस प्रदर्शन को और भी अधिक उल्लेखनीय बनाती है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक सीएमएलओ- माइन्स कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक सीएमएलओ- रावघाट अरुण कुमार तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तापस दासगुप्ता सहित संयंत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी श्री चित्तरंजन महापात्र ने कहा कि यह उत्कृष्ट उपलब्धि विभिन्न विभागों एवं अनुभागों के सामूहिक और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कोक ओवन, सिंटर प्लांट, ओएचपी, आरएमडी, ऑक्सीजन प्लांट, इंस्ट्रूमेंटेशन, पीबीएस, आरसीएल, एसएमएस, टी एंड डी, आरईडी सहित सभी सहयोगी विभागों की भूमिका की सराहना करते हुए समस्त कर्मियों को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी।

यह सफलता ब्लास्ट फर्नेस–7 के शटडाउन के दौरान 7 प्रतिशत तक बढ़ाई गई ऑक्सीजन एनरिचमेंट, लगभग 26 प्रतिशत पैलेट्स के साथ बर्डन डिस्ट्रीब्यूशन के बेहतर अनुकूलन तथा प्रतिदिन 37 घंटे से अधिक के दीर्घकालिक टैपिंग संचालन के माध्यम से संभव हो सकी। यह उपलब्धि ब्लास्ट फर्नेस–8 कलेक्टिव के साथ-साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी संबद्ध विभागों के उत्कृष्ट समन्वय, तकनीकी दक्षता, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों का सशक्त प्रमाण है।

# संगीत और नृत्य स्पर्धा का समापन, 11 श्रेणियों में 120 कलाकार सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में आयोजित पांच दिवसीय खुली संगीत एवं नृत्य स्पर्धा का समापन समारोह 26 दिसंबर को हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार थे।

■ महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में हुआ आयोजन

आयोजित स्पर्धा में कुल 11 विभिन्न श्रेणियां शामिल रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन, कर्नाटक शास्त्रीय गायन, कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी सहित विभिन्न आयु वर्गों की नृत्य और संगीत शामिल थीं। इन सभी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 120 कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र अपने कर्मियों के सर्वांगीण विकास तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्ति देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष सांस्कृतिक आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य कर्मियों एवं समाज में निहित प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें इस विधा में आगे बढ़ने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। समापन समारोह का संचालन सुप्रियो सेन ने किया व धन्यवाद ज्ञापन प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप महाप्रबंधक क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं अभिजीत भौमिक, पीटी उल्लास कुमार, दुष्यंत हरमुख, सरजीत चक्रवर्ती तथा भालचंद्र शेगेकर का योगदान रहा।

# सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है गुरु घासीदास का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्टेशन मरोदा विजय चौक, वार्ड क्रमांक 19 में संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास की जयंती उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जैत खाम, गुरु गद्दी की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश मनखे-मनखे एक समान सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की जयंती हमें उनके आदर्शों और विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, वार्ड पार्षद सोनिया देवांगन, रिसाली नगर निगम विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, धर्मसिला देवी, शेष जांघड़े, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ गुरु घासीदास की जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

# नौतनवा का समय और गोंदिया-बरौनी का मार्ग बदलने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेलयात्री सेवा संघ की एक बैठक मोहम्मद सलीम अधिवक्ता, चौहान प्लाजा, जीई रोड, भिलाई के चेम्बर में रखी गई। जिसमें रेलयात्री सेवा संघ के सदस्य एवं अन्य लोगों ने अपनी भागीदारी दी और इस संबंध में अपने-अपने सुझावों को रखा।

बैठक में जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ के बैनर तले यह कुछ मांगे वर्ष 2011 से की रही है। इसमें जिन सांसदों, सांसद प्रतिनिधियों एवं विधायकों ने सहयोग किया। इनमें स्व. मोतीलाल वोरा, स्व. भजन सिंह निरंकारी, वाई के सिंह एवं प्रभुनाथ बैठा के प्रयासों को सराहा गया। जिनके अथक प्रयास से ही गोंदिया-बरौनी ट्रेन की सौगात मिली है साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेत्री सरोज पांडेय एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे का भी पूरा सहयोग एवं समर्थन



■ छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेलयात्री सेवा संघ की बैठक में प्रस्ताव पारित

मिला। छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ के द्वारा सभी लोगों के प्रयास को तहे दिल से आभार व्यक्त कर हाजी एम. एच .सिद्दीकी की अध्यक्षता में बैठक शुरू की गई। बैठक में दुर्ग गोरखपुर नौतनवा एक्सप्रेस 18201/18202 को नियमित रूप से प्रतिदिन चलाने की मांग हेतु प्रस्ताव रखा गया साथ ही मांग की गई कि इसका समय परिवर्तित कर शाम 4 बजे से पहले दुर्ग से चलाया जाए, जिससे लोगों के लिए यह ट्रेन और ज्यादा सुविधाजनक हो जाए।

### गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस हफ्ते में तीन दिन बेल्थरा होकर चले

दूसरी मांग गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस 15231/15232 को सप्ताह में कम से कम तीन दिन वाया मऊ बेल्थरा, सलेमपुर, भटनी, मैरवा, सिवान और छपरा होकर चलाए जाने की रखी गई। इसे वापसी में भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर भी स्टॉपेज दिया जाए। इन उपरोक्त मांगों के लिए उपस्थित लोगों का सुझाव आया कि पुनः एक पत्र रेल मंत्रालय एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं वैशाली नगर क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन, भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों को इस मांग पत्र को दिया जाए ताकि अपने स्तर पर हम सब की मांगों को जनप्रतिनिधि उठाएं और इस मांग को रेल मंत्रालय के द्वारा पूरा कराने का प्रयास करें। इस बैठक में मुख्य रूप से हीरा लाल यादव, राम हरेन्द्र, विनोद कश्यप, वीपी शुक्ला,रामनारायण मिश्रा, सत्तार अहमद, शाहनवाज हुसैन, राजेश सिंह हरेन्द्र प्रसाद शाह अधिवक्ता और राहुल मौर्या सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच कर दी निःशुल्क दवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 की टीम ने चरोदा बस्ती और देव बलोदा सागर पारा में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-3 के बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्क्रीनिंग करके गैर संचारी रोगों की प्रारंभिक अवस्था में चिह्नित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई। जिससे उपचार प्रारंभ कर रोकथाम, नियंत्रण व बचाव कर सकें।

स्वास्थ्य मेला में गैर संचारी रोग उच्च रक्तचाप, डायबिटीज,स्तन कैंसर, गर्भाशय का कैंसर ओर मुख कैंसर रोगों की स्क्रीनिंग करके प्रारंभिक अवस्था में चिह्नित कर उन्हें उच्च संस्थान में भेजने की व्यवस्था की जाती रही है। वहीं बुखार, सर्दी जुकाम, आंखों की समस्या, चर्म रोग और सामान्य अन्य रोगों का उपचार भी किया गया। जिसमें मेडिकल ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व संयोजक, लेडी हेल्थ विजिटर स्वास्थ्य सुपरवाइजर, कुष्ठ कार्यकर्ता और नेत्र चिकित्सा अधिकारी ने सेवाएं दी। दोनों शिविरों में 110 लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए बीपी, डायबिटीज मरीजों को निशुल्क दवा वितरण की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया डा शिखर अग्रवाल ने टेलीमेडिसिन के माध्यम से लोगों की जटिलता को सुनकर उनके लिए आगामी उपचार की सलाह भी दी है। इस दौरान एल एच व्ही आर विश्वास, एएनएम राज विजय लक्ष्मी देवीला चंद्राकर, वर्षा सुल्लेरे, शांता पाटिल, यशवंत साहू, जितेन्द्र पटेल, कुमेश साहू, एरिया समन्वयक मितानिन शमीम बानो, मितानिन प्रेरक सुनीता बिनिया और कांति विभोर सहित क्षेत्रीय मितानिन और वार्ड वासियों का सहयोग रहा।

## गौवंश के बेहतर उपचार और सुविधाओं के लिए शेड विस्तार के दिए निर्देश

# निगम आयुक्त ने किया कोसा नगर गौठान का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शनिवार को निगम क्षेत्र के अंतर्गत कोसा नगर गौठान का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गौवंश के लिए उपलब्ध सुविधाओं, चारे-पानी की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। गौवंश की बढ़ती संख्या और सुविधा को देखते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त अजय राजपूत और कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को गौठान में शेड विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने गौवंश के स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद डॉ. जी एल बंजारे और गौसेवकों से चर्चा कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने हेतु सुझाव लिए। चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि इस गौठान के संचालन में स्थानीय गौसेवकों और समाजसेवियों का विशेष सहयोग प्राप्त होता है। आयुक्त ने इस सामाजिक सहभागिता की सराहना की।भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी जोशी, पशुचिकित्सा विभाग से डॉ. जी एल बंजारे, गौसेवक संजय तिवारी एवं निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# एबीयूएस की दुर्ग जिला कार्यकारिणी हुई भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अखिल भारतीय उड़िया समाज प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी ने बताया कि दुर्ग जिला अध्यक्ष शंकर निहाल ने अपने कार्य व अन्य व्यवस्था के कारण समाज अपने पद से इस्तीफा है। इस दौरान जिले की सभी कार्यकारणी जिसमें, शहर, व समस्त मंडल खुर्सीपार की भी कार्यकारणी विधिवत भंग किया जाता हैं।

■ नए साल में विधिवत होगी घोषणा

आगामी नव वर्ष में नई कार्यकारणी की घोषणा किया जाएगा। इसमें सदस्यता अभियान के माध्यम नए सदस्यों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा समाज में हो रहे गतिविधियों की जानकारी समाज के हर घर घर तक पहुंच सके, जैसे कि शराब की पाबंदी, शिक्षा पर जोर, युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित, पढ़े लिखे बेरोजगार युवा युवती को रोजगार के नए अवसर प्रदान की योजना। युवक युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से सामूहिक विवाह, कुछ बड़े अस्ताल में ओपीडी निःशुल्क जैसे कई अहम लाभकारी योजनाओ की जानकारी समाज के घर घर तक पहुंचेगा। ऐसे ऊर्जावान नए कार्यकारणी की जल्द विधिवत घोषणा की जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है भागवत

**दुर्ग।** ग्राम तिरगा, अंजोरा ख और मटंग में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कथा का श्रवण भी किया और भगवान की भक्ति में लीन रहे। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति और पूजा से हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

### मंडई मेला 8 को और मानसगान 9 से

**अंडा।** गोरकापार (चीचा) में 8 जनवरी को भव्य मंडई मेला एवं तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन 9 10 और 11 जनवरी को रखा गया हैं। मंडई मेला के अवसर में रात्रि कालीन 10:00 बजे साल्हे टोला नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी उदला साहू ने दी।

### यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि मन के बात मे बताया

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर में बूथ क्रमांक 198 मे हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि मन के बात मे बताया जिसमे हमारे देश के प्रधानमंत्री ने एंटीबायोटिक दवाई के बारे में जानकारी दिए प्रधानमंत्री ने बताया कि एंटीबायोटिक दवाई बिना डॉक्टर के सलाह के कभी भी नहीं खाना चाहिए जिसमें उपस्थित रहे ग्राम पंचायत के सरपंच कपिल चंद्राकर, सुरेश दुबे जिला मंत्री भगतपुर रामफल चंद्रवंशी, पूर्व सरपंच बुथ अध्यक्ष घनश्याम चंद्रवंशी सीताराम विश्वकर्मा अर्जुन यादव एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने स्थापना के 140 वर्ष पूरे होने पर मनाया स्थापना दिवस



**कवर्धा।** अखिल भारतीय कांग्रेस अपने स्थापना के गौरवशाली 140 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में स्थापना दिवस मना रही है। इसी क्रम में कांग्रेस कमेटी कवर्धा के जिला कार्यालय में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस की 140 वर्षों की यात्रा त्याग, संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की प्रतीक रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने, एकजुट रहकर जनता के मुद्दों के लिए निरंतर संघर्ष करने का आह्वान किया। इसके पश्चात पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने अपने संबोधन में कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास और देश के निर्माण में पार्टी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

# अण्डा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बस स्टैण्ड अंड बस्ती रोड गांधी नगर अण्डा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कथावाचक पं. डॉ. दिग्विजय शर्मा ने भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का सारगर्भित एवं भावपूर्ण वर्णन किया। परायणकर्ता पं. सत्यम शर्मा ने विधिवत शास्त्रोच्चारण एवं पाठ किया। पं. शर्मा ने बताया कि भगवान का अवतार अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने मानव जीवन में सत्य, प्रेम, करुणा और भक्ति के महत्व को भी उजागर किया। 31 दिसम्बर बुधवार अंतिम दिन श्रीमद्भगवद् गीता का व्याख्यान किया जाएगा, जिसमें जीवन के गूढ़ रहस्यों और कर्मयोग का संदेश दिया जाएगा। कथा का समापन पूर्णाहुति एवं हवन के साथ किया जाएगा।

आयोजक परिवार द्वारा समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है। कथा स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख रूप से



दीनदयाल साहू, दुखीन बाई साहू, घनश्याम साहू, हेमलता साहू, रोशन साहू, मीना साहू, रेखलाल साहू, पुष्पी साहू, कुंवरिया साहू, कामता साहू, नीता साहू, रामनाथ साहू कौशिल्या साहू, बिरेन्द्र साहू माधुरी साहू, प्रशांत साहू, निशा माहू, पल्लवी माहू,राहुल साहू,राकेश साहू,कुशुमलता (खुशी)साहू,सुनिधि साहू,प्रखर साहू,गौरांगी साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# मित्रता में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता : परमानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

- तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू पहुंचे श्रीमद् भागवत कथा सुनने

पाटन विधानसभा के ग्राम मटंग में तेनसिंग निर्मलकर परिवार द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है! जहां परमानंद महराज ने कथा के समापन दिवस पर कृष्णा, सुदामा चरित्र का वर्णन सुंदर झांकी के माध्यम से चित्रण किया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कथा स्थल पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण किया। कथा वाचक पुरोहित परमानंद पंचकोशी धाम नव चेतना केन्द्र फिंगेश्वर( राजिम) ने कथा को बताते हुए कहा कि कृष्णा-सुदामा सच्चे मित्रता की मिसाल है। मित्रता में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता। कथा के अंतिम दिवस परिक्षित मोक्ष किया गया तथा चढ़ौत्री के पश्चात भागवत भगवान की बरात निकालकर नगर भ्रमण किया गया।



इस अवसर पर पोशुराम निर्मलकर,डूलेश्वर साहू, सरपंच अमित हिरवानी,मनोज साहू,प्रकाश सिन्हा,भागवत वर्मा, संत घनश्याम पटेल,युमन साहू, रेवाराम ठाकुर,मनहरण साहू,रमेश वर्मा,तोरण देवांगन,जगदीश वर्मा,शंकर यादव, कमल निर्मलकर, निहाल निर्मलकर, बोधीराम साहू,सहित बड़ी संख्या में जन मानस उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों और सुअरों से वार्ड के नागरिक सबसे ज्यादा परेशान

# सड़क और नाली की समस्या से जूझ रहे वार्ड 34 शिवाजी नगर के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 34 शिवाजी नगर में अधूरा सड़क निर्माण, अधूरी नालियां, सुअरों और आवारा कुत्तों की समस्या से लोग परेशान हैं। कई जगह सड़क और नाली का काम अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे बारिश के दौरान पानी सड़कों पर फैल जाता है और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

नगर निगम के जोन-3 अंतर्गत शिवाजी नगर के रहवासी इन दिनों बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इलाके में कई जगहों पर सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान यहां गड्ढों में पानी भर जाता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी तरह कुछ इलाकों में नाली निर्माण भी अधूरा है। नाली कुछ दूरी तक बनी है, फिर अचानक खत्म हो जाती है। नाली भरते ही पानी सड़कों पर फैल जाता है और पूरी सड़क दलदल में बदल जाती है। इलाके में सुअरों और आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बच्चों और बुजुर्गों को निकलने में डर बना रहता है।

रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी स्थायी कार्रवाई नहीं की गई। सार्वजनिक शौचालय के पास बना गार्डन भी बदहाल हालत में पहुंच चुका है। जो कभी बच्चों की आवाज और हरियाली से भरा रहता था, आज देखरेख के अभाव में वीरान पड़ा है। गार्डन का मुख्य गेट टूट चुका है और कई जगह दीवारें भी क्षतिग्रस्त हैं। निषाद सेवा समिति गार्डन में लोगों ने नगर निगम से डोम शेड लगाने और पार्क की मरम्मत की मांग की है।

## विवाद के चलते अटका डोम शेड का निर्माण







### खराब ढलान से सड़कों पर भरता है गंदा पानी



वार्ड 34 शिवाजी नगर में नाली निर्माण अधूरा छोड़े जाने और गलत लेवलिंग के कारण पानी सड़कों और गलियों में भरने लगता है। वार्ड के निवासी दिलीप शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक शुलभ शौचालय के पास कुछ हिस्सों में नालियों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। कई बार जनप्रतिनिधियों से निर्माण पूरा कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक काम नहीं हुआ। दिलीप शर्मा का कहना है कि नाली का स्तर ऊंचा-नीचा बना दिया गया है। इस वजह से जैसे ही नाली भरती है, गंदा पानी सड़कों और गलियों में फैल जाता है। पैदल चलना मुश्किल हो जाता है और दुर्गंध के कारण लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### सुअरों और आवारा कुत्तों का आतंक



वार्ड 34 में सुअरों और आवारा कुत्तों की समस्या ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वार्ड की रहने वाली जे पार्वती राव ने बताया कि पूरे इलाके में सुअरों और आवारा कुत्तों का झुंड घूमता रहता है। घरों के सामने हर समय सुअरों का झुंड खड़ा रहता है, जिससे लोगों को बाहर निकलने में डर लगता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चिंता बच्चों की सुरक्षा को लेकर है। बच्चों को गली में खेलने तक नहीं भेजा जा रहा, क्योंकि हर समय यह डर बना रहता है कि कहीं सुअर या कुत्ते हमला न कर दें। जे पार्वती राव ने बताया कि इस समस्या की शिकायत नगर निगम में की गई थी। निगम की टीम मौके पर आई, फोटो खींचकर चली गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज भी सुअरों के झुंड मोहल्ले में घूमते दिखाई देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई सुअर आसपास के कुछ लोगों के पालतु हैं, जो खुले में छोड़े जाते हैं। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने से वार्डवासियों में नाराजगी है। लोगों ने नगर निगम से पालतु सुअरों और आवारा कुत्तों को पकड़कर स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

### गार्डन में डोम शेड की मांग

निषाद सेवा समिति गार्डन में डोम शेड निर्माण की मांग लोगों ने की है। वार्ड के अशोक चौधरी, रवि कुमार, देव प्रसाद और गणेश ने बताया कि इस गार्डन में लंबे समय से हर साल माता दुर्गा की भव्य पूजा का आयोजन किया जाता है, लेकिन डोम शेड नहीं होने के कारण कार्यक्रम के दौरान लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश या तेज धूप में भक्तों और महिलाओं को खड़े रहने की जगह नहीं मिलती। लोगों ने नगर निगम भिलाई से स्थायी डोम शेड निर्माण की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है। डोम शेड बनने से गार्डन का उपयोग बढ़ेगा और क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।

### विवाद के कारण अटका काम

वार्ड 34 वी शिवाजी नगर के निषाद सेवा समिति गार्डन और अधूरे विकास कार्यों को लेकर वार्ड पार्षद संतोष नाथ सिंह जालंधर ने नगर निगम प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। जालंधर ने बताया कि करीब 20 साल पहले नगर निगम ने गार्डन बनाया था। चार-पांच साल पहले डोम शेड का भी निर्माण किया जा रहा था। इसके लिए सीमेंट के बीम भी लगाए गए थे, लेकिन उसी दौरान एक व्यक्ति ने जमीन को अपना बताते हुए तहसील न्यायालय दुर्ग में मामला दायर कर दिया। जिस व्यक्ति ने जमीन का दावा किया था, उसे बीएसपी की ओर से मुआवजा मिल चुका था। इस कारण बाद में वह केस हार गया, इसके बावजूद नगर निगम ने जमीन को अपने आधिपत्य में नहीं लिया।

### सड़क के लिए जिला प्रशासन को कई बार कराया गया अवगत

अधूरे सड़क निर्माण को लेकर भी पार्षद ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सड़कों और नालियों के अधूरे काम के संबंध में कई बार जिला प्रशासन को पत्राचार किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पार्षद जालंधर ने यह भी कहा कि 15वें वित्त आयोग से उनके वार्ड के विकास कार्यों के लिए अब तक कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि सांसद निधि से उन्हें 15 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं, जिनसे सड़कों और नालियों के निर्माण का काम कराया जाएगा।

# व्यापार और उद्योग देश के विकास की आर्थिक रीढ़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्थानीय उद्योग, व्यापार और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को सशक्त दिशा देने उज्ज्वल उद्योग भविष्य विषय पर सीए बिल्डिंग सिविक सेंटर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यापार से समृद्धि विजन 3.0 को केंद्रित करते हुए व्यापारिक नवाचार, आत्मनिर्भरता, स्टार्टअप संस्कृति और आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत विचार-विमर्श की गई। साथ ही उद्योग जगत में आ रही परेशानियों पर भी चर्चा की गई व समाधान के लिए शासन को प्रेषित की गई। कार्यशाला के दौरान वित्त मंत्री का विशेष संदेश उपस्थितजनों के लिए प्रेरणास्रोत रहा। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग देश की आर्थिक रीढ़ हैं। युवाओं को नवाचार, कौशल विकास और डिजिटल सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सरकार द्वारा उद्योगों एवं व्यापारियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण संभव है। उन्होंने व्यापार से समृद्धि विजन 3.0 को भारत के आर्थिक विकास का मजबूत रोडमैप बताते हुए कहा कि यह विजन व्यापारियों, युवाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यशाला में महामंत्री अजय भसीन व अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने उद्योगों की वर्तमान चुनौतियों, वित्तीय प्रबंधन, नई तकनीक, सोलर एवं ग्रीन एनर्जी, स्टार्टअप अवसरों और सरकारी नीतियों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान उद्योग जगत में विशेष उपलब्धि व नए आयाम स्थापित करने वाले उद्यमियों को उद्योग गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उद्योग गौरव सम्मान में अजीत सिंह को फेब्रिकेशन क्षेत्र, शंकर बजाज को पीएच चेम्बर अध्यक्ष, नीलाद्रि शाह को गोपाल इंडस्ट्री, संदीप अग्रवाल को हरिओम टीएमटी, अरविंदर खुराना को एमएसएमई, अंकित मेहता एक्सपोर्ट ईईपीसी, मयूर कुकरेजा को पेंट उद्योग व रतन दास गुप्ता एंसिलरी जगत में विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किए गए। कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र नेमा,भोलानाथ सेठ, सीए राजेश बाफना रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति, युवा उद्यमी एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पुलगांव लोक महोत्सव 10 जनवरी से

**अंडा।** हर वर्ष की तरह इस साल भी नवयुग समिति एवम वार्डवासियों के सहयोग से पुलगांव में लोक महोत्सव का आयोजन 10 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु) ने बतलाया कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति के सहजने का एक छोटा सा प्रयास ही पुलगांव लोक कला महोत्सव की पहचान हैं। इस लोकमहोत्सव के माध्यम से लोकगीत लोक संगीत भरथरी और पंडवानी आदि की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के द्वारा होगा। चार दिवसीय महोत्सव में रामायण पाठ ,सुंदरकांड का पाठ राउत नाच, भरथरी, सुवा नाच भरथरी लोकगीत मेला मड़ई एवम दुष्यन्त हरमुख कृत रंग झरोखा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

# श्रद्धालुओं ने लिया धर्ममय जीवन का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



अछोटी पोस्ट विनायकपुर, जिला दुर्ग में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन भजन कार्यक्रम का आयोजन भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और हरिनाम संकीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम के कथा वाचक कामता प्रसाद शरण महाराज (जय गुरूदेव संकीर्तन परिवार, कुड़ेरा चादर, गरियाबंद) ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन से मन की शुद्धि होती है और यह समाज में प्रेम, शांति एवं सद्भाव का संचार करता है। महाराज श्री ने भक्ति, सदाचार, मानव सेवा और गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए सभी को धर्ममय जीवन जीने का संदेश दिया।

श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए और गुरु वाणी का श्रवण कर अपने जीवन को संयम, भक्ति और सेवा भाव से संवारने का संकल्प लिया। यह आयोजन ग्राम अछोटी के लिए आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का प्रेरणास्रोत बना। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती झन्ना दिल्लीवार, उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार उपस्थित थे साथ ही साथ मधु साहू, योगेश दिल्लीवार, प्रवीण दिल्लीवार, खिलेंद्र कोशे सहित समस्त आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में परिक्रमा कर मनोकामना की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम मोहगांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हो रहे है दिनांक 23 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक गांव के सुख शांति समृद्धि एवं गौ रक्षक के लिए विश्व कल्याण के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है रोजाना श्रद्धालुओं द्वारा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में परिक्रमा कर अपने गांव एवं घर के सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया जा रहा है अपने मनोकामना के लिए परिक्रमा किया जा रहा है जिसमें यज्ञाचार्य पंडित श्री लक्ष्मी



निवास पांडे ग्रामचार्य हरिप्रसाद पाठक रमा निवास पांडे जग निवास पांडे यज्ञ संचालक चंद्रभूषण प्रसाद पाठक यज्ञ संचालक वही लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रवक्ता पंडित अरुण दुबे पंडित कर्नल तिवारी पंडित हलधर प्रसाद शर्मा पंडित आनंद उपाध्याय सुश्री विद्या दुबे के द्वारा कथा का वर्णन करेंगे 2:00 बजे से हरि इच्छा तक यह आयोजन ब्राह्मण एवं समस्त ग्राम वासी के द्वारा किया जा रहा है जिसमें मोचन चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी, रामविलास चंद्रवंशी, पवन शर्मा, दिनेश पांडे, नकुल चौहान आसपास के ग्रामीण जन पहुंचकर कथा का आनंद उठा रहे हैं। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रतिदिन 12:00 बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जा रहा है और रात्रि कॉलीन शानदार कृष्ण लीला का आयोजन भी किया जा रहा है, पंडित मनमोहन तिवारी रणवीरपुर द्वारा शानदार झांकी के रूप में प्रतिदिन अलग-अलग रूप में विराजमान होते हैं यह भी आकर्षक बना हुआ है वही कवर्धा के राजा योगेश्वर सिंह राजा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल हुआ।

## महापौर अल्का बाघमार ने अधिकारियों की ली बैठक

# गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश



नगर पालिक निगम मेयर अलका बाघमार की अध्यक्षता में नगर निगम मेयर चेम्बर में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शहर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो 15वें वित्त, सड़क डामरीकरण, सीमेंटीकरण सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट और पेवर ब्लॉक के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था और सौंदर्यीकरण पर चर्चा हुई। मेयर ने अधिकारियों को समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नगर निगम अपने मेयर चेम्बर में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में शहर के विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर अफसरों बैठक ली

बैठक में नगर निगम क्षेत्र में संचालित और प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर अलका बाघमार ने सड़कों के निर्माण, पेयजल व्यवस्था के साथ सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा की।

अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय समयसीमा में और मानक गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। मेयर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद सुरूचि उमरे, सहायक अभियंता गिरीश दीवान,सहायक अभियंता संजय ठाकुर,राजेन्द्र धबाले, करण यादव,हरिशंकर साहू,पंकज साहू,अपर्णा मिश्रा,विकास दमाहे समेत अन्य अधिकारी थे।

### 80 वर्ष के वृद्ध सदस्यों का किया सम्मान

**कवर्धा।** शनिवार 27 दिसंबर को सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के कलेक्ट्रेट स्थित सियान सदन में माह नवम्बर-दिसंबर में जन्मदिन वाले 14 सदस्यों का सामूहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम का जो उल्लेखनीय पक्ष यह है कि हमने अपनी समिति के 13 ऐसे लोगों का विशेष सम्मान, माल्यार्पण, श्रीफल और शाल तथा उनकी फोटोयुक्त स्मृति चिन्ह भेंटकर किया जिन्होंने अपने जीवन के 80 वर्ष कुशलता पूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। इन सदस्यों में सबसे अधिक आयु के गोवर्धन प्रसाद शर्मा 93वर्ष पूरे कर लिए हैं इनका जन्म तिथि 1932 है।

## पेज 9 के शेष...

### सरकारी कर्मचारियों ...

आर्थिक हालात को प्रभावित कर रहा है। **सरकार से कई बार हुई बातचीत, हर बार निराशा-** फेडरेशन के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने कई बार सरकार से बातचीत करने और समाधान निकालने का प्रयास किया, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। कर्मचारियों का कहना है कि अब हालात ऐसे बन चुके हैं कि आंदोलन के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा है। **जनता को होगी असुविधा-** तीन दिवसीय हड़ताल के चलते राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों के कामकाज पर असर पड़ने की संभावना है। आम जनता को भी विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। फेडरेशन ने सरकार से एक बार फिर अपील की है कि कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि आंदोलन की स्थिति से बचा जा सके।

### कांग्रेस स्थापना ...

विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, प्रांजल तिवारी, राजू साहू, मिथिलेश वर्मा, हरीश साहू, सुशीला जोशी, बालकुमारी ध्रुव, शकुंतला साहू, रीता पांडे, जोगिंदर छाबड़ा, लुकेश वर्मा, प्रज्ज्वल वर्मा, शिव वर्मा, रश्मि मिश्रा, योगिता साहू, रूबी सलूजा, ममता साहू, जावेद खान, नवीन ताम्रकार, रवि रजक, सुनील नामदेव, प्रकाश ठाकुर, अजय राज सेन, वैभव मिश्रा, प्रतीक दुबे, खूबचंद चंद्राकर, मोहित वर्मा, योगेश जांगड़े, अनिल दुबे, निलेश वैष्णव, चंद्र प्रकाश शीतलानी, प्रकाश साहू, रामसिंह गायकवाड़, संतोष साहू, ओम प्रकाश साहू, अशोक जायसवाल, यासिफ खान, सिद्धांत दीवान, शुभम क्षत्रिय सहित अनेक कांग्रेसजन शामिल रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ...

विकाश तम्बोली, नीतू कोठारी, दोहाई वर्मा, चांदनी रोशन दत्ता, गोपी देवागन, गोलू कोशले, राकेश वर्मा, नरेश साहू, राजीव तम्बोली, सिमरन ताम्रकार, श्याम सलूजा, अमरीका निर्मलकर, संदीप यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

### गाड़ामोर व खंघारपाट पंचायतों ने तहसील कार्यालय भिंभौरी में सौंपा ज्ञापन

# फूड प्रोसेसिंग पार्क के लिए आबंटित भूमि का उपयोग बदले जाने पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला




भिंभौरी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गाड़ामोर के आश्रित ग्राम सिंगारडीह में फूड प्रोसेसिंग पार्क स्थापना हेतु आबंटित भूमि का उपयोग अन्य औद्योगिक प्रयोजन के लिए किए जाने के प्रस्ताव पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत गाड़ामोर एवं ग्राम पंचायत खंघारपाट की ओर से भिंभौरी तहसील कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सिंगारडीह पटवारी हल्का क्रमांक 14 के अंतर्गत खसरा क्रमांक 16/2 रकबा 16 हेक्टेयर (लगभग 40 एकड़) भूमि को मूल रूप से फूड प्रोसेसिंग पार्क की स्थापना के लिए आबंटित किया गया था। इस भूमि के उपयोग में परिवर्तन कर अन्य औद्योगिक प्रयोजन हेतु हस्तांतरण के लिए 11 दिसंबर 2025 को न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी द्वारा इश्तहार जारी किया गया, जिसमें दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई थी। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गाड़ामोर की सरपंच इन्द्राणी वर्मा तथा सरपंच संघ उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत खंघारपाट के सरपंच कमल बघेल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने 19 दिसंबर 2025 को तहसीलदार सरिता मढ़रिया को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम सिंगारडीह के खसरा नंबर 97, कुल रकबा 47.11 हेक्टेयर में से 16.00 हेक्टेयर भूमि को फूड प्रोसेसिंग पार्क की स्थापना हेतु उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने के लिए 5 दिसंबर 2020 को ग्राम पंचायत गाड़ामोर द्वारा विधिवत प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बावजूद अब भूमि उपयोग में संशोधन कर "फूड पार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजन" दर्शाते हुए दावा-आपत्ति आमंत्रित किया जाना ग्रामीणों की मंशा के विपरीत बताया गया है।

**ग्रामीणों ने प्रमुख मांगें**

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि सिंगारडीह में आबंटित भूमि का उपयोग केवल फूड प्रोसेसिंग पार्क स्थापना के लिए ही किया जाए। भूमि उपयोग में किसी भी प्रकार का परिवर्तन ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की सहमति के बिना न किया जाए। वर्ष 2020 में पारित ग्राम पंचायत प्रस्ताव का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। यदि उपयोग परिवर्तन किया जाता है तो इससे ग्राम के किसानों, युवाओं एवं रोजगार संभावनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का पुनर्मूल्यांकन किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय ग्राम पंचायत गाड़ामोर के पूर्व सरपंच दिगम्बर परगनिहा, दीपक परगनिहा, लेखचंद साहू, डेरहा राम सोनकर, परमानंद वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, स्वरूपनंद वर्मा एवं ओमकार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधायक दीपेश साहू ने सामाजिक चेतना और सतनामी विचारधारा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अकोली, पिपरभट्ठा, भुरकी एवं डूडा में संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की पावन, पंथी प्रतियोगिता,जयंती एवं मंडई कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक चेतना के साथ भव्य रूप से संपन्न हुए। इन आयोजनों में विधायक दीपेश साहू ने अपनी सहभागिता देते हुए बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों को समाज के वर्तमान और भविष्य से जोड़ा। ग्राम पिपरभट्ठा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं ग्राम भुरकी में आयोजित आयोजन में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सतनामी समाज की सामाजिक चेतना एवं अनुशासन की सराहना की। इस अवसर पर युवराजगुरु धर्मगुरु गुरु सौरभ साहेब प्रदेशाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ – अखिल भारतीय सतनाम सेना एवं सभापति, जिला पंचायत रायपुर एवं किसान नेता योगेश तिवारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष प्रेरणा प्रदान की।

ग्राम डूडा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधायक मा. श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा जी के साथ विधायक दीपेश साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

- बेमेतरा में बाबा गुरु घासीदास जयंती महोत्सव भव्य रूप से संपन्न
- ग्राम अकोली, पिपरभट्ठा, भुरकी और डूडा में आयोजन

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि "बाबा गुरु घासीदास जी केवल एक संत नहीं, बल्कि सा मा जि क क्रांति के अग्रदूत थे। 'सतनाम' का संदेश हमें सत्य के साथ खड़े होने, मानवता को सर्वोपरि रखने और समानता आधारित समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है। आज के समय में उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।" उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बाबा गुरु घासीदास जी की विचारधारा को केवल आयोजन तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि नीतियों और योजनाओं के माध्यम से उसे व्यवहार में उतारने का कार्य कर रही है। गिरौदपुरी धाम का विकास एवं सौंदर्यीकरण, बाबा गुरु घासीदास जयंती के राज्य स्तरीय आयोजन, सतनामी समाज के धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण, तथा अनुसूचित जाति समाज के लिए शिक्षा, छात्रवृत्ति, आवास, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएँ—यह सभी कार्य सरकार की सामाजिक समरसता की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सिंघनपुरी में श्रीमद् भागवत आज से

**कवर्धा।** विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम सिंघनपुरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह एक वार्षिक श्राद्ध का आयोजन किया जा रहा है। यजमान कुमार सिंह साहू एवं सोहगी बाई साहू द्वारा अपने निज निवास में आयोजित इस श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पंडित चन्द्रभूषण शर्मा द्वारा कथा का श्रवणपान कराया जाएगा। जिसके तहत 29 दिसम्बर को श्री गौकर्ण महात्म्य, शोभा यात्रा, 30 दिसम्बर को कथारंभ परीक्षित जन्म, वराहावतार, मनुकर्दम संवाद, 31 दिसम्बर को कपिल गीता, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 1 जनवरी को जड़भरत चरित्र, भूगोल खगोल वर्णन, प्रहलाद चरित्र, 2 जनवरी को वामन अवतार, श्री राम कथा, श्री कृष्ण जन्म, 3 जनवरी को बाललीला वर्णन, माखन चोरी, गोवर्धन महिमा वर्णन, 4 जनवरी को महारास वर्णन, श्री कृष्ण रुखमणी विवाह, 5 जनवरी को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, भागवत चढ़ौत्री, 6 जनवरी को गीता, वार्षिक श्राद्ध, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कथा समय प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित किया गया है।

### संपर्क कक्षा, प्रायोगिक परीक्षा 6 जनवरी से

**कवर्धा।** सुंदरलाल (ओपन) विवि बिलासपुर ने डिप्लोमा इन योग-सत्र 2025-26 (जुलाई से जून) पाठ्यक्रम के संपर्क कक्षा व प्रायोगिक परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। 10 दिवसीय संपर्क कक्षा व प्रायोगिक परीक्षा 6 जनवरी से होगी

# कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस

## 51 वरिष्ठ कांग्रेसियों का किया गया सम्मान



- जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल द्वारा ध्वजारोहण कर की गई। इस अवसर पर उन्होंने समस्त कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कांग्रेस स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि 28 दिसंबर 1885 को स्थापित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देश की आजादी, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की सबसे मजबूत विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ देशवासियों को एकजुट कर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और भारत को आजाद कराने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग, पंडित जवाहरलाल नेहरू के आधुनिक भारत के सपने, सरदार वल्लभभाई पटेल की राष्ट्रीय एकता की भावना, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के त्याग और बलिदान तथा मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा और राष्ट्रीय एकता के विचारों से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी ने देश को दिशा देने का कार्य किया। इन्हीं महान नेताओं की विचारधारा कांग्रेस की आत्मा है, जिसे आज भी पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाया जा रहा है। नवीन जायसवाल ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई। देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना, संविधान निर्माण, पंचायती राज व्यवस्था, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, हरित क्रांति, श्वेत क्रांति, सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और परमाणु विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां कांग्रेस सरकारों की देन हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी, आईआईएम, एम्स, विश्वविद्यालयों की स्थापना, स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार, गरीबों के लिए योजनाएं, किसानों के हित में नीतियां, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय को मजबूत करने का कार्य कांग्रेस पार्टी ने हमेशा प्राथमिकता के साथ किया है। नवीन जायसवाल ने कहा कि आज स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर 51 वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान किया गया। वरिष्ठ जनों का सम्मान करना मेरे लिए गर्व की बात है और इनके आशीर्वाद और सहयोग से और मार्ग दर्शन से आने वाले समय में फिर से दोनो विधानसभा में कांग्रेस का विधायक बनाएंगे। वर्तमान समय में जब देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर करने का प्रयास हो रहा है, तब कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और देश की एकता-अखंडता की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है। कांग्रेस पार्टी नफरत नहीं, मोहब्बत, विभाजन नहीं, एकता और डर नहीं, अधिकार की राजनीति में विश्वास करता है। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करें, जनता की आवाज बनें और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डायलिसिस यूनिट बनी किडनी मरीजों की जीवनरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला चिकित्सालय बेमेतरा के एमसीएच भवन में संचालित डायलिसिस यूनिट किडनी रोगियों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम जीवनधारा के तहत शुरू की गई इस सुविधा से अब तक 270 मरीज लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि 6,900 से अधिक डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं।

जानकारी के अनुसार, जिला चिकित्सालय में डायलिसिस सेवा 8 दिसम्बर 2022 से ई-टेंडरिंग के माध्यम से चयनित एजेंसी ईएसकेएजी संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता द्वारा संचालित की जा रही है। यूनिट में कुल 5 आधुनिक डायलिसिस मशीनें स्थापित हैं। वर्तमान में 29 मरीज नियमित रूप से डायलिसिस उपचार प्राप्त कर रहे हैं तथा प्रतिमाह औसतन 250 से अधिक सत्र किए जा रहे हैं। डायलिसिस यूनिट की नियमित निगरानी सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू द्वारा की जा रही है। डायलिसिस टीम के अनुसार सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप संचालित की जा रही हैं। मशीनों का समय-समय पर निरीक्षण एवं मेंटेनेंस भी किया जा रहा है। डायलिसिस सुविधा शुरू होने से जिले के किडनी रोगियों को उपचार के लिए अब बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर समय पर इलाज मिलने से न केवल मरीजों की जान बच रही है, बल्कि बाहर इलाज कराने का आर्थिक बोझ भी काफी हद तक कम हुआ है। जिला चिकित्सालय की यह सुविधा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती दे रही है।

# बायपास बोड़ला में दर्दनाक हादसा, ट्रेलर की टक्कर से युवक का पैर कुचला, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोड़ला



नगर पंचायत बोड़ला होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में रविवार को तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने मोटर साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में युवक उछलकर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के पिछले टायर में जा घुसा। बताया जाता है कि हादसे में युवक का पैर बुरी तरह कुचल गया। घटना के बाद घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल युवक की पहचान राहुल मरावी, निवासी जैताटोला, के रूप में हुई है। वह घोंघा ग्राम के सरपंच कुलेश मरावी का पुत्र है, जो बैजलपुर से अपने घर लौट रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है।

### डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स कराने की मांग

# डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित:छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय इकाई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा, छ्ग शासन के स्कूल शिक्षा सचिव, एससीईआरटी एवं लोक शिक्षण संचानालाय छत्तीसगढ़ के संचालक को पत्र लिखकर शिक्षकों के प्रमोशन के लिए डीएड योग्यताधारी शिक्षकों हेतु बीएड का ब्रिज कोर्स करने का प्रावधान बनाते हुए ब्रिज कोर्स कराने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 में व्याख्याता पद पर पदोन्नति हेतु प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था, जिसके तहत बीएड या डीएड या समकक्ष शिक्षक भी पदोन्नति की पात्रता रखते थे, किन्तु एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति दिया गया है, इससे हजारो डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित हो गए हैं। छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेश के हजारों डीएड, डीपीई, बीटीआई या समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षक प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक व पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय के वर्तमान निर्णय और एनसीटीई के दिशा-निर्देश के आलोक में प्राथमिक सहायक शिक्षकों व पूर्व माध्यमिक शिक्षकों के लिये प्रमोशन हेतु बीएड की अनिवार्यता किया गया है, जिससे हजारों शिक्षक प्रभावित होकर प्रमोशन से वंचित हो गए हैं। इससे बीएड ब्रिज कोर्स की प्रासंगिकता व अनिवार्यता महसूस किया जा रहा है। टीचर्स एसोसिएशन की मांग है कि प्राथमिक स्तर पर कक्षा एक से पांच व पूर्व माध्यमिक स्तर पर कक्षा 6 से 8 में नियुक्त सभी सहायक शिक्षक, शिक्षक, जो केवल डीएड या समकक्ष योग्यता रखते हैं, उनके लिए एनसीटीई के नियमानुसार कोर्स संधारण कर 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स का प्रावधान बनाते हुए शासन स्तर से शीघ्र ब्रिज कोर्स प्रारम्भ किया जावे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने छग शासन से आग्रह किया है कि प्रदेश के हजारों डीएड व समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षकों के भविष्य को ध्यान रखते हुए विभागीय बीएड ब्रिज कोर्स कराने हेतु सहानुभूतिपूर्वक विचार कर अविलंब निर्णय लिया जावे।

**पदांकन कॉउंसलिंग में समस्त रिक्त पद दिखाने की मांग**

लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने 26 दिसम्बर को जारी आदेश में ई-एलबी संवर्ग के शिक्षक से विभिन्न विषयों के व्याख्याता पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया है, जिनका पदांकन ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से किया जाएगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने पदोन्नति हेतु छग शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई दिया है। साथ ही पदांकन के लिए होने वाले कॉउंसलिंग में समस्त रिक्त पदों को प्रदर्शित करने की मांग किया है। ज्ञातव्य हो कि प्राचार्य पद पर पदांकन के लिए हाल ही में हुए कॉउंसलिंग में समस्त रिक्त पदों को दिखाया गया था।

# पंचायत मंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से गरीबों को मिल रहे पक्का आवास: डॉ. वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



ग्राम पंचायत धरमपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू द्वारा एक कार्यक्रम में उनके पक्के आवास की चाबियां सौंपकर शुभकामनाएं दी गईं। स्वयं के घर का सपना साकार होने पर हितग्राहियों के चेहरों पर दिखाई दे रही खुशी अत्यंत प्रेरणादायक रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र एवं राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से गरीब एवं वंचित परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम है। डॉ. साहू ने पंचायत मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उनके अनवरत प्रयासों, संवेदनशील नेतृत्व और मजबूत प्रशासनिक संकल्प के कारण गरीबों के पक्के आवास का सपना तेजी से साकार हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा पंचायत मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति हृदय से कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया गया, जिनके नेतृत्व एवं संकल्प से यह योजना सफलतापूर्वक धरातल पर उतर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा हितग्राही उपस्थित थे।